## तीन माह से गायब बिहार राज्य का व्यक्ति परिवार से मिला

जासं • श्रावस्ती : हरदत्तनगर गिरंट थानाध्यक्ष महिमानाथ उपाध्याय ने बताया कि पुलिस टीम सोमवार की रात में भ्रमणशील थी। इस दौरान गौसपुर गांव के पास ग्रामीणों ने चोर आने का शोर मचाया। पुलिस टीम ने पहुंचकर घूम रहे लावारिस व्यक्ति को कब्जे में ले लिया पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम बिट्टू व बिहार का रहने वाला बताया, लेकिन पूरा नाम व पता नहीं बता सका। पुलिस टीम ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से बिहार राज्य के विभिन्न थानों पर संपर्क किया। व्यक्ति की फोटो भेजकर शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान बिहार राज्य के लखीसराय जिले के वीरनपुर थाने के ऐंजनी निवासी बिट्टू कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने बुधवार को बिट्टू को परिवार को सौंप दिया।

## निर्भीक हो हेल्पलाइन नंबरों पर दें सूचना : एएसपी

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति पांचवें चरण के तहत बुधवार को एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम हरदत्त नगर गिरंट पहुंचे। उन्होंने मिशन शक्ति केंद्र पर तैनात कर्मियों के साथ बैठक की और क्षेत्र भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं से बातचीत कर उन्हें हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

बैठक के दौरान एएसपी ने मिशन शक्ति टीम को केंद्र पर आने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने व जागरूकता शिविरों की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने जगह-जगह महिलाओं व बालिकाओं से बातचीत की और निर्भीक होकर सभी हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

एएसपी ने कहा कि शासन-प्रशासन आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है, लेकिन आपके साथ अगर कोई घटना व अपराध हो रहा हो, तो सूचना आपको ही देनी है। ऐसे में सभी लोग मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, वीमेन पावर लाइन नंबर 1090, महिला हेल्पलाइन 181, आपात नंबर 112, साइबर हेल्पलाइन 1030, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि की जानकारी रखें। (संवाद)